Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- नागौर में सहायक नगर नियोजक(ए.टी.पी.), नगर परिषद नागौर 4,00,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 02 जुलाई, बुधवार । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी नागौर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये कौशल कुमार सहायक नगर नियोजक, नगर परिषद, नागौर को **4,00,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव (कार्यवाहक महानिदेशक, एसीबी)** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी नागौर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी श्री रामगोपाल के भतीजे के नाम रजिस्टर्ड वेयर हाउस व कॉल्ड स्टोरेज में तकनीकी रिपोर्ट सकारात्मक बनाने की एवज में 5,00,000/–रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है, जिस पर दिनांक 01.07.2025 को रिश्वत मांग सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपी द्वारा 5,00,000/–रूपये रिश्वत की मांग कर 4,00,000/–रूपये रिश्वत राशि लेना तय किया।

जिस पर एसीबी रेंज अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी नागौर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कल्पना सोलंकी** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कौशल कुमावत, सहायक नगर नियोजक, नगर परिषद नागौर को 4,00,000/– रूपये (20,000/–रूपये भारतीय चलन मुद्रा एवं 3,80,000/–रूपये भारतीय मनोरंजन बैंक) रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

**एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।